**केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग**
**वार्षिक परीक्षा 2023-24**
**विषय-हिंदी आधार (302)**
**कक्षा-11वीं**

**समय-3 घंटे** **पूर्णांक-80**

**सामान्य और आवश्यक निर्देश**-

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब' |
2. खंड अ में कुल 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं जिनमें सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
3. खंड ब में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए |
5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

**खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्न1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-** **1X10=10**

वास्तव में मनुष्य स्वयं को देख नहीं पाता | उसके नेत्र दूसरों के चरित्र को देखते हैं, उसका हृदय दूसरों के दोषों को अनुभव करता है | उसकी वाणी दूसरों के अवगुणों का विश्लेषण कर सकती है, किंतु उसका अपना चरित्र, उसके अपने दोष एवं उसके अवगुण, मिथ्याभिमान और थोथे आत्म-गौरव के काले आवरण में इस प्रकार प्रच्छन्न रहते हैं कि जीवन-पर्यंत उसे दृष्टिगोचर ही नहीं हो पाते | इसीलिए मनुष्य स्वयं को सर्वगुण संपन्न देवता समझ बैठता है | क्षुद्र व्यक्ति एवं मस्तिष्क अपनी क्षुद्र सीमा से परे किसी भी वस्तु का सही मूल्य आंकने में असमर्थ रहते हैं | इसलिए व्यक्ति स्वयं के द्वारा जितना छला जाता है, उतना किसी अन्य के द्वारा नहीं | आत्म-विश्लेषण करना कोई सहज कार्य नहीं | इसके लिए अत्यंत उदारता, सहनशीलता एवं महानता की आवश्यकता होती है | इसका तात्पर्य यह नहीं कि आत्म-विश्लेषण मनुष्य कर ही नहीं सकता | अपने गुणों-अवगुणों की अनुभूति मनुष्य को सदैव रहती है | अपने दोषों से वह हर पल, हर क्षण अवगत रहता है, किंतु अपने दोषों को मानने के लिए तैयार न रहना ही उसकी दुर्बलता होती है और यही उसे आत्म-विश्लेषण की क्षमता नहीं दे पाती | उसमें इतनी उदारता और हृदय की विशालता ही नहीं होती कि वह अपने दोषों को स्वयं देखकर कह सके | इसके विपरीत पर-निंदा एवं पर-दोष-दर्शन में अपना कुछ नहीं बिगड़ता, उल्टे मनुष्य आनंद अनुभव करता है, परंतु आत्म-विश्लेषण करके अपने दोष देखने से मनुष्य के अहंकार को चोट पहुँचती है |

**(i)-सुमेलित कीजिए-**

| कालम-1 | कालम-2 |
|---|---|
| 1. मिथ्याभिमान | i- पर दोष दर्शन |
| 2. पर निंदा | ii- विशालता |
| 3. उदारता | iii- थोथा आत्मगौरव |

(क)- 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)
(ख) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)
(ग) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i)
(घ) 1-iii), 2-(i), 3-(ii)

**(ii)-** **कथन (A)**- मनुष्य स्वयं को देख नहीं पाता |
**कारण (R)** वह स्वयं के प्रति उदासीन रहता है |

(क) कथन A सही है किंतु उसकी व्याख्या भ्रामक है |
(ख) कथन A सही है और उसकी व्याख्या भी सही है |
(ग) कथन A गलत है और उसकी व्याख्या भी गलत है |
(घ) कथन A गलत है किंतु उसकी व्याख्या सही है |


https://www.evidyarthi.in/

**(III)-आत्म-विश्लेषण का अर्थ है-**

(क)- आत्मा को जानना
(ख)- स्वयं के गुण अवगुण को समझना
(ग)- स्वयं विश्लेषण करना
(घ)- औरों का स्वयं विश्लेषण करना

**(IV)-मनुष्य को अपने अवगुण किस कारण नहीं दिखाई देते ?**

(क)- मोह के कारण
(ख)- मिथ्या अभिमान के कारण
(ग)- उदासीनता के कारण
(घ)- दूसरों के कारण

**(V)- कौन लोग अपना सही मूल्यांकन नहीं कर पाते ?**

(क)- क्षुद्र लोग (ख)- उदार लोग (ग)- मूर्ख लोग (घ)- अज्ञानी लोग

**(VI)- व्यक्ति को सबसे अधिक धोखा कौन देता है ?**

(क)- शत्रु (ख)- मित्र (ग)- स्वजन (घ)- स्वयं

**(VII)- आत्म-विश्लेषण के लिए कौन सा गुण चाहिए ?**

(क)- बुद्धि (ख)- विवेक (ग)- योग्यता (घ)- उदारता

**(VIII)- परनिंदा करने में किसे सुख मिलता है ?**

(क)- निंदा करने वाले को
(ख)- निंदा सुनने वाले को
(ग)- सारे समाज को
(घ)- निंदित व्यक्ति को

**(IX)- हम पर निंदा क्यों करते हैं ?**

(क)- दूसरों को सही राह पर लाने के लिए
(ख)- सुख पाने के लिए
(ग)- सही विश्लेषण करने हेतु
(घ)- समय बिताने के लिए

**(X)- आत्म विश्लेषण करने से किसे चोट पहुंचती है ?**

(क)- दूसरों को (ख)-मित्रों को (ग)-अहंकार को (घ)- शांति को

**प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- 1X5=5**

जैसे खड़े होना, वैसे ही झुकना भी
एक स्वाभाविक क्रिया है
कितनी ही चीजें बिना झुके पहुँच से बाहर रहती हैं
कुछ चीजें हाथ से जानबूझकर इसलिए गिर जाती हैं
कि हम अगर झुकना या पूरी तरह झुकना भूल गए हों
तो न भूलें और याद हो तो फिर ठीक से याद रखें
किसी के पैर छूने के लिए हम झुकें
मगर मां-बाप, पत्नी-बच्चों, मौसी-मामा
आदि के समझाने पर हमें कई बार झुकना पड़ता है
ईश्वर के सामने तो उसके मानने वाले, खैर
रोज ही झुकते हैं बल्कि दिन में कई-कई बार
कुछ आदतन, कुछ इरादतन, कुछ चापलूसी में
इतने ज्यादा झुके रहते हैं कि सीधे खड़े होना भूल जाते हैं



https://www.evidyarthi.in/

कुछ के आगे झुक जाने का
और कुछ के आगे न झुक पाने का अफसोस
कई बार हमें जिंदगी भर रहता है
मगर वक्त बीत जाने के बाद हम कुछ नहीं कर पाते
कुछ करते हैं तो हास्यास्पद बन जाते हैं|

**(I)- 'खड़े होने' का भावार्थ है-**
(क)- स्वाभिमानी होना (ख)- विद्रोही होना (ग)- विरोध करना (घ)- कर्म करना

**(II)- 'झुकना' का आशय है-**
(क)- चापलूसी (ख)- विनम्रता (ग)- समझौता (घ)- दिखावा

**(III)- लोग किसलिए झुकते हैं ?**
(क)- आदतवश (ख)- किसी उद्देश्य प्राप्त के लिए (ग)- चापलूसी के कारण (घ)- तीनों ठीक हैं

**(IV)- कथन A और कारण R पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**
कथन A- हमें झुक न पाने का अफसोस जीवन-भर रहता है |
करण R- झुकना एक अच्छी आदत है |
(क)-कथन A सही है किंतु कारण R उसकी सही व्याख्या नहीं है |
(ख)- कथन A सही है और कारण R उसकी सही व्याख्या है |
(ग)- कथन A गलत है और कारण R उसकी सही व्याख्या है |
(घ)- कथन A गलत है किंतु कारण R उसकी सही व्याख्या नहीं है |

**(V)- हम हँसी के पात्र कब बन जाते हैं ?**
(क)- जब हम समय बीत जाने के बाद क्षमा माँगते हैं |
(ख)- जब हम समय बीत जाने के बाद विनम्रता दिखाते हैं |
(ग)- जब हम पुरानी बातों को याद करते हैं |
(घ)- घर जब हम गलत समय पर झुकते हैं |

**प्रश्न3- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- 1X5=5**

**(I)- संचार में आने वाली बाधा को क्या कहते हैं ?**
(क)- फीडबैक (ख)- शोर (नॉयज) (ग)- एनकोडिंग (घ)- फाल्ट

**(II)- सनसनी पैदा करने वाली पत्रकारिता को क्या कहते हैं ?**
(क)- स्टिंग आपरेशन (ख)- पेज-थ्री पत्रकारिता (ग)- मुख्य पत्रकारिता (घ)- पीत-पत्रकारिता

**(III)- समाचार लाने वालों को पत्रकारिता में क्या कहते हैं ?**
(क)- उप-संपादक (ख)- संपादक (ग)- संवाददाता (घ)- विशेष संवाददाता

**(IV)- भारत का पहला हिंदी पत्र कौन-सा था ?**
(क)- नवभारत (ख)- बंगाल गजट (ग)- उदंत मार्तंड (घ)- सरस्वती


https://www.evidyarthi.in/

**(V)- एक व्यक्ति मन-ही-मन स्वयं से जो बात करता है, उसे क्या कहेंगे ?**
(क)- अंतःवैयक्तिक (ख)- अंतरवैयक्तिक (ग)- समूह-संचार (घ)- जनसंचार

**प्रश्न-4- निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- 1X5=5**

और कहना मस्त हूँ मैं
कातने में व्यस्त हूँ मैं,
वज़न सत्तर सेर मेरा
और भोजन ढेर मेरा |

कूदता हूँ, खेलता हूँ
दुःख डटकर ठेलता हूँ,
और कहना मस्त हूँ मैं
यों न कहना अस्त हूँ मैं |

**(I)-कथन**-1. कवि जेल में मस्त है |
2. कवि जेल में पस्त है |
3. कवि मस्त रहने का दिखावा कर रहा है |

**विकल्प-**
(क)- कथन 1 और 2 ठीक हैं | (ख)- कथन केवल 3 ठीक है |
(ग)- कथन 2 ठीक है | (घ)- कथन 2-3 ठीक हैं |

**(II)- कवि किसे संबोधित कर रहा है ?**
(क)- पिता को (ख)- माता को (ग)- सावन को (घ)- वर्षा को

**(III)- दुःख ठेलना का क्या आशय है-**
(क)- दु:खों से छुटकारा पाना (ख)- दुख को निमंत्रण देना
(ग)- दु:खों से जूझना (घ)- दु:ख में मस्त रहना

**(IV)- कवि मस्त होने का दिखावा क्यों कर रहा है ?**
(क)- अपनी पराजय छिपाने के लिए (ख)- पिता को खुश करने के लिए
(ग)- परिजनों की चिंता कम करने के लिए (घ)- झूठा प्रभाव जमाने के लिए

**(V)- अस्त होने का आशय है-**
(क)- आराम से (ख)- शांत (ग)- परास्त (घ)- निराश

**प्रश्न5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए- 1X5=5**

दुनिया सोती थी, पर दुनिया की जीभ जागती थी | सवेरे देखिए तो बालक-वृद्ध सबके मुहँ से यही बात सुनाई देती थी | जिसे देखिए, वही पंडितजी के इस व्यवहार पर टीका-टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया | पानी को दूध के नाम से बेचनेवाला ग्वाला, कल्पित रोजनामचे भरने वाले अधिकारी वर्ग, रेल में बिना टिकट सफ़र करने वाले बाबू लोग, जाली दस्तावेज बनाने वाले सेठ और साहूकार, यह सब-के-सब देवताओं की भांति गरदनें चला रहे थे | जब दूसरे दिन पंडित अलोपीदीन अभियुक्त होकर कांस्टेबलों के साथ, हाथों में हथकड़ियां, हृदय में ग्लानि और क्षोभ भरे, लज्जा से गरदन झुकाए अदालत की तरफ चले, तो सारे शहर में हलचल मच गई | मेलों में कदाचित् आँखें इतनी व्यग्र न होती होंगी | भीड़ के मारे छत और दीवार में कोई भेद न रहा |

**(I)- कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए |**
**कथन (A)**- चोर भी किसी और की चोरी को सहन नहीं करते |
**कारण (R)**- समाज के भ्रष्ट लोग भी सेठ जी की रिश्वतखोरी की निंदा कर रहे थे |
**विकल्प-**


https://www.evidyarthi.in/

(क)- कथन (A) सत्य है और कारण (R) इसकी पुष्टि करता है |
(ख)- कथन (A) सत्य है किंतु कारण (R) भ्रामक है |
(ग)- कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है |
(घ)- कथन (A) गलत है और कारण (R)भी गलत है |

**(II)- जीभ जागने का क्या आशय है ?**
(क)- खाने को तैयार (ख)- बोलने में लगे रहना (ग)- निंदा-प्रशंसा करना (घ)- सत्य बोलना

**(III)- लोगों की आँखें किसलिए व्यग्र थीं ? अलोपीदीन की-**
(क)- महिमा को देखने के लिए (ख)- पहुँच को देखने के लिए
(ग)- दुर्दशा को देखने के लिए (घ)- सच्चाई को देखने के लिए

**(IV)- अलोपीदीन को गिरफ्तार देखकर लोगों ने क्या प्रतिक्रिया कीं ?**
(क)- अलोपीदीन से सहानुभूति प्रकट की (ख)- अलोपीदीन की निंदा की
(ग)- अलोपीदीन के बारे में जिज्ञासा प्रकट की (घ)- अलोपीदीन की प्रशंसा की

**(V)- गरदनें चलाने का आशय है-**
(क)- समर्थन करना (ख)- शेखी बघारना (ग)- बढ़-चढ़कर बातें बनाना (घ)- निंदा करना

**प्रश्न 6- वितान पूरक पुस्तक के पाठों के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित और सटीक विकल्प चुनकर लिखिए- 1X10=10**

**(I)- कुमार गंधर्व ने जब पहली बार लता मंगेशकर का गाना रेडियो पर सुना तो उन्हें कैसा लगा ?**
(क)- वे सन्न रह गए (ख)- वे कलेजे को लगा बैठे (ग)- वे प्रसन्न हो उठे (घ)- वे निराश हो गए

**(II)- बेबी हालदार के कितने बच्चे थे ?**
(क)- तीन-एक लड़का,2 लड़की (ख)- तीन लड़के (ग)- तीन लड़कियाँ (घ)- तीन-दो लड़के, एक लड़की

**(III)- श्रोता को संगीत में किस चीज से मतलब होता है ?**
(क)- राग से (ख)- ध्वनिमुद्रिका से (ग)- ताल से (घ)- मिठास से

**(IV)- लता के स्वर में कौन-सा गुण प्रमुख है ?**
(क)- निर्मलता (ख)- कोमलता (ग)- मुग्धता (घ)- तीनों

**(V)- नादमय उच्चार से क्या आशय है ?**
(क)- उच्चारण में नाद का होना (ख)- उच्चारण में मधुरता होना
(ग)- आलाप होना (घ)- दो शब्दों में नाद होना

**(VI)- चेलवांजी किसे कहते हैं?**
(क)- चालबाज को (ख)- कुंई खोदने वाले
(ग)- खेतिहर किसान को (घ)- कुंई की खुदाई और चिनाई करने वाले कारीगर को


https://www.evidyarthi.in/

**(VII)- बेबी हालदार अनपढ़ क्यों रह गईं ?**

(क)- माँ ने स्कूल नहीं भेजा (ख)- माँ ने पढ़ाना उचित नहीं समझा

(ग)- माँ बचपन में चल बसी थी (घ)- सभी

**(VIII)- प्राय: पानी किस समय निकाला जाता है ?**

(क)- सुबह-सवेरे (ख)- गोधूलि वेला में (ग)- दोपहर को (घ)- रात को

**(IX)- कौन-सा जिला कुइयों की अधिकता के लिए प्रसिद्ध है?**

(क)- बीकानेर (ख)- चूरू ग)- जैसलमेर (घ)- बाड़मेर

**(X)- बेबी हालदार अलग क्यों रह रही थीं ?**

(क)- विधवा होने के कारण (ख)- तलाकशुदा होने के कारण

(ग)- पति से झगड़ा होने के कारण (घ)- पति विदेश होने के कारण

## खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न7- निम्नलिखित दिए गए शीर्षकों में से किसी एक विषय पर एक लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए-** **5X1=5**

(क)- हाउसिंग सोसाइटी का दृश्य

(ख)- लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका

(ग)- परीक्षा तनाव के कारण व उसे रोकने के उपाय

**प्रश्न8- किसी एक विषय पर पत्र लिखिए-** **5X1=5**

मच्छरों की अधिकता एवं सफाई के अभाव में अपने मोहल्ले में तेजी से फैलते डेंगू के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए अपने नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए |

**अथवा**

किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए, जिसमें बिजली के संकट से उत्पन्न कठिनाइयों का संक्षेप में वर्णन किया गया हो |

**प्रश्न9- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** **2X2=4**

(क)- भाषण देने के पहले अनुभव को डायरी में लिखें |

(ख)- 'डायरी लेखन में कल्पना कम यथार्थ अधिक होता है' सिद्ध कीजिए |

(ग)- कथा और पटकथा में अंतर स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न10- स्ववृत्त, शब्दकोश और संदर्भ ग्रंथ से संबंधित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** **3X1=3**

शब्दकोश एवं संदर्भ ग्रंथ को स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

हिंदी अध्यापक पद हेतु अपना स्व-वृत्त तैयार कीजिए |

**प्रश्न11- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए |**
**3X2=6**

(क)- बस्तियों को शहर की किस आबो-हवा से बचाने की आवश्यकता है ?

(ख)- चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बजर गिरे ?

(ग)- दुष्यंत के पहले शेर में चिराग शब्द एक बार बहुवचन में आया है और दूसरी बार एकवचन में | अर्थ की दृष्टि से इसका क्या महत्व है ?



https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न12- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** **2X2=4**

(क)- मीरा जगत को देखकर रोती क्यों हैं ?

(ख)- कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(ग)- कवि पाश की कविता में सबसे खतरनाक शब्द के बार-बार दोहराए जाने से कविता में क्या असर पैदा हुआ ?

**प्रश्न13- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए-** **3X2=6**

(क)- मियां नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है ?

(ख)- किन दो दृश्यों में दर्शक यह पहचान नहीं पाते कि उनकी शूटिंग में कोई तरकीब अपनाई गई है ? 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ के आधार पर लिखिए |

(ग)- लॉर्ड कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ गया ?

**प्रश्न14- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए |** **2X2=4**

(क)- धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं समझता था ?

(ख)- नेहरू जी भारत के सभी किसानों से कौन-सा प्रश्न बार-बार करते थे ?

(ग)- पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

**प्रश्न15- वितान के पाठों पर आधारित दो में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए |** **3X1=3**

(क)- अपने परिवार से तातुश के घर तक के सफ़र में बेबी हालदार के सामने रिश्तों की कौन-सी सच्चाई उजागर होती है ?

(ख)- कुंई निर्माण से संबंधित निम्न शब्दों के बारे में टिप्पणी लिखिए-

पालरपानी, पातालपानी, रेजाणीपानी



https://www.evidyarthi.in/